# रक्षा प्लेटफॉर्म ₹500 करोड़ से विकसित होंगे



नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। रक्षा मंत्रालय देश में बड़े रक्षा प्लेटफॉर्म और सिस्टम के डिजाइन व विकास पर फोकस बढ़ा रहा है। इसके लिए सरकार ने डीआरडीओ और उद्योग जगत की मदद से नई योजना शुरू की है। बड़े रक्षा प्लेटफॉर्म के निर्माण के लिए उद्योग जगत को 500 करोड़ रुपये तक की सहायता दी जाएगी। पहली बार इतनी बड़ी राशि के साथ यह पहल की जा रही है।

रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार बड़े रक्षा प्लेटफॉर्म और सिस्टम के मामले में अब भी विदेशों पर निर्भरता खत्म नहीं हो रही है। डीआरडीओ ने कई प्लेटफॉर्म पर कार्य किया है, कुछ विकसित भी किए लेकिन इसके बावजूद उनका देश में निर्माण नहीं हो पा रहा। इसके पीछे कई कारण हैं। उद्योग जगत पहल इसलिए नहीं कर रहा, क्योंकि उसके समक्ष मांग खड़ी नहीं होती है। नई योजना के तहत डीआरडीओ और उद्योग जगत मिलकर बड़े रक्षा प्लेटफार्म तैयार करेंगे।